चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : सामान्य–08/5610
दिनांक : 12-10-2023

सूचना

विश्वविद्यालय का 35वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 को सम्पन्न होने जा रहा है। विभिन्न कोर्सो की श्रेष्ठता सूची के आधार पर **वर्ष 2023** के कुलाधिपति स्वर्ण पदक– 01, भारत के पूर्व राष्ट्रपति, डॉ0 शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक– 01, किसान ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त, चौधरी चरण सिंह स्मृति प्रतिभा पुरस्कार– 02, प्रायोजित स्वर्ण पदक– 65, कुलपति स्वर्ण पदक– 190 एवं विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र– 11 की अन्तिम सूचियाँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in पर अपलोड की जा रही है। इससे पूर्व उक्त पदकों व प्रमाण पत्रों की अनन्तिम सूचियाँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सम्बन्धितों की आपत्तियों हेतु अपलोड की गयी थीं, जिसके उपरान्त अन्तिम सूचियों को अपलोड किया जा रहा है। अब किसी की भी कोई आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी।

नोट :– दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित अधिसूचना व प्रपत्र भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये गये जा चुके हैं। विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वांछित औपचारिकताएं पूर्ण कर सम्बन्धित प्रपत्र निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करा दें। विद्यार्थियों से यह भी अपेक्षित है कि वे विश्वविद्यालय की वैबसाइट के अद्यतन सूचना हेतु सम्पर्क में रहें।

11-10-2023
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. व्यैक्तिक सहायक–कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
02. व्यैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
03. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
05. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ कि विज्ञप्ति विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में जनहित में प्रकाशनार्थ।
06. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को सूचनार्थ।

प्रभारी (प्रशा0)